51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 29.0°c | अधिकतम 32.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अमृतवाणी
यदि हम उस व्यक्ति को ढूंढ रहे हैं, जो हमारी जिंदगी बदल सकता है, तो हमें आईना देखना चाहिए, क्योंकि खुद से ज्यादा हमें कोई और नहीं बदल सकता

देश को नयी दिशा देगी विपक्षी नेताओं की बैठक : मल्लिकार्जुन खड़गे

सूर्योदय : 5:20, सूर्यास्त : 7:22 | वर्ष : 51/ अंक : 173 | शनिवार, 24 जून 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

केजरीवाल और ओवेसी तो खुश नहीं लगते.....

घायल की जान बचाने के नाम पर लाश नहर में लुढ़काई

▸ रोहाना रोड पर गुरूवार शाम को कार की टक्कर से बसेड़ा का मनोज हो गया था घायल ▸ चालक अस्पताल ले जाने के बहाने घायल को उठा ले गया, रास्ते में दम तोड़ा, तो शव को नहर में फेंककर हुआ फरार ▸ पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया, तो आरोपी ने कबूल लिया लाश ठिकाने लगाने का सच, नहर में लाश तलाश रही है पुलिस

छपार, 23 जून (बु.)। पुरानी कहावत है कि इंसानी फितरत कब बदल जाये, कुछ नहीं कहा जा सकता। छपार क्षेत्र में ऐसी ही एक घटना हुई, जिसने हर किसी को -क-ोर दिया। कार की टक्कर से घायल हुए युवक को चालक जान बचाने के इरादे से उठा ले गया। रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया तो चालक ने पुलिस के लफड़े से बचने के लिए अपने अपराध को और बढ़ा लिया। शव को अस्पताल पहुंचाने के बजाये उसे पावटी नहर में फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने नम्बर के आधार पर चालक को पकड़ा तो उसने लाश को ठिकाने लगाने के अपने जुर्म को स्वीकार करने में देरी नहीं की। पुलिस अब आरोपी के बयान के आधार पर देर शाम तक मनोज के शव को तलाशने में जुटी थी। पुलिस का कहना है कि मनोज का शव बरामद होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो पायेगा। फिलहाल मनोज के परिजन आरोपी चालक पर कई तरह के गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

छपार थाना क्षेत्र के बसेडा निवासी मनोज कुमार पुत्र राधे कुमार रामपुर तिराहे पर प्राईवेट नौकरी करता था। गुरूवार दिन में रामपुर तिराहे से आगे सहारनपुर की ओर जाने वाले हाइवे पर बावनदरा पुल के पास सड़क पार करते समय कार की टक्कर से मनोज घायल हो गया था। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। कार चालक भीड़ को बताकर घायल को कार से अस्पताल ले गया। देर रात तक मनोज के किसी अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी नहीं मिली तो पुलिस सक्रिय हुई। कार के नम्बर के आधार पर शुक्रवार तड़के देवबंद के बचीटी गांव निवासी कार चालक को पकड़ा गया, तो उसने पुलिस के समक्ष पूरी कहानी बयां कर दी। चालक के अनुसार बीच रास्ते में घायल मनोज की मौत हो गई थी। कार चालक ने डर के चलते मनोज का शव चरथावल के पावटी-कुटेसरा की नहर में फेंक दिया। घायल के अस्पताल नहीं पहुंचने पर परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। आरोपी चालक के बयान के आधार पर छपार पुलिस ने चरथावल पुलिस की मदद से नहर में च ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक गोताखोरों की मदद से शव को तलाशने का काम चल रहा था। आरोपी कितना सही बोल रहा है और कितना गलत इसका पता मनोज का शव मिलने के बाद ही चल पायेगा। फिलहाल मनोज के परिवार में कोहराम है। परिजनों का आरोप है कि हो सकता है कि चालक ने रास्ते में मनोज की हत्या कर शव को ठिकाने लगाया हो। इस मामले में छपार पुलिस का कहना है कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

मृतक का फाइल फोटो

फोन पर संपर्क नहीं होने पर परिजनों को हुआ शक

छपार। बसेड़ा निवासी 35 वर्षीय मनोज कुमार रामपुर तिराहे पर कबाड़ के गोदाम पर नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार तीसरे पहर तीन बजे तक फोन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन बंद होने से बात नहीं हो पाई। शाम तक मनोज के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को शक हुआ। परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे उसके बाद पुलिस हरकत में आई और घटनास्थल पर जाकर जानकारी जुटाई। पुलिस को दुर्घटना की जगह सड़क पर खून के निशान भी मिले। मृतक की पत्नी रुबी ने अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपित बचीटी निवासी कार चालक दिलखुश से पूछताछ कर रही है। थाने पहुंचने वालों में रामकुमार, नीटू, अन्नू, सुमन,रुबी, योगेंद्र सिंह, मोहित, मांगेराम त्यागी, जयकुमार, ब्रजपाल, कुलवीर, सूरज आदि मौजूद रहे।

बेसहारा हो गई पत्नी और बेटी

छपार। मनोज के सिर पर माता पिता का साया नहीं है। बहुत पहले दोनों का निधन हो चुका था। मृतक के कोई भाई भी नहीं था। मनोज के निधन के बाद घर में पत्नी रूबी और तीन वर्ष की मासूम बेटी रह गई है। मृतक के पास खेती की जमीन भी नहीं है। मनोज के निधन से मां बेटी के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।

क्या बोले अधिकारी ....

कार चालक से पुछताछ चल रही है। आरोपित ने शव को कुटेसरा नहर में डालना स्वीकार किया है। उसी की निशानदेही पर गोताखोरों की मदद से शव को तलाशा जा रहा है। शीघ्र ही शव को बरामद कर लिया जायेगा। कई बिंदुओं पर मामले की जांच की जा रही है।

▸ यतेंद्र सिंह नागर, क्षेत्राधिकारी सदर

दाल मंडी व नई मंडी में मारे गए छापे, धड़ाधड़ गिरे शटर

▸ सिंगल यूज प्लॉस्टिक पर की कार्रवाई, वसूले 3500 रुपए
▸ बाजारों में मचा हड़कंप लगाए दुकानदारों ने उत्पीड़न के आरोप
▸ करीब 15.5 किग्रा प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त, दी चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। कांवड़ यात्रा मेले की शुरू तैयारियों के बीच शासन के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में शुक्रवार को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक के विरुद्ध नगर पालिका प्रशासन की ओर से चलाए अभियान के बीच छापामार अभियान चलाया गया। इस दौरान दाल मंडी के साथ गऊशाला नई मंडी क्षेत्र में हुई छापामार कार्रवाई के विरोध में टीम का क्षेत्र के दुकानदारों के साथ में नौकझौंक व कहासुनी हुई। इस बीच कार्रवाई से बचने और विरोध स्वरूप दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिराकर जहां हंगामा किया। वहीं इस बीच कुछ दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर वहां से चले गए।

वेस्ट यूपी की सबसे बड़ी एवं धार्मिक कांवड़ यात्रा मेले को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शुक्रवार को केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीम विभागीय अधिकारी आरके शर्मा के नेतृत्व में पालिका परिषद के अफसरों और टीम के साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम मिलकर कार्रवाई कर रही है। टीम ने पुलिस बल के साथ में नगर की दाल मंडी व नई मंडी क्षेत्र में दल बल के साथ छापामार अभियान चलाया। अभियान की इस कड़ी में अधिकारियों ने जब दाल मंडी में यूपी शासन के जारी निर्देशों के बीच प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया, तो वहां बाजार में भगदड़ मच गई। इस दौरान जहां कुछ दुकानदारों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया, वहीं टीम की निगरानी से बचने की खातिर कुछ कारोबारी इस बीच अपनी दुकानों के शटर गिराकर वहां से चले गए। मुख्य बाजारों में बढ़ती जा रही इस भीड़ के बीच हंगामे और विरोध के बीच पालिका की टीम ने स्पष्ट किया कि नगर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक, थर्माकोल एवं इससे जुड़े अन्य प्रतिबंधित सामग्री की बाजारों में बिक्री किसी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। नगर के मुख्य बाजारों में पालिका टीम की इस कार्रवाई से हडकंप मच गया। इस बीच छापामार टीम ने दाल मंडी से नई मंडी क्षेत्र का रूख किया। इस दौरान पालिका की टीम ने नई मंडी गऊशाला रोड स्थित भारत पैकेजिंग के यहां पर छापा मारा, जहां

दुकानदार ने नगर पालिका की टीम द्वारा की जा रही इस कार्रवाई को उत्पीड़न बताते हुए हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख अधिकारी यहां अपनी कार्रवाई करते हुए लौट आए। इस दौरान पालिका टीम ने इन दुकानों से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक के रूप में करीब 15.5 किग्रा सामग्री जब्त किए जाने के साथ ही दुकानदारों पर 3500 रुपए का जुर्माना किया। छापामार अभियान की इस कार्रवाई से नगर व नई मंडी क्षेत्र के तमाम दुकानदारों ने इसके विरोध में एक जुट होने की बात की। दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा की जा रही इस कार्रवाई से क्षेत्र के छोटे दुकानदारों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मीनाक्षी चौक पर न्यू मैक्स क्लीनिक को किया सील

चिकित्साधिकारियों के छापे में सब कुछ मिला गड़बड़





मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। मीनाक्षी चौक पर बिना पंजीकृत चिकित्सक के चल रहे न्यू मैक्स क्लीनिक को छापे के बाद आज सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान क्लीनिक पर पंजीकृत चिकित्सक नहीं मिला। बिना पंजीकरण चल रहे क्लीनिकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज मीनाक्षी चौक स्थित न्यू मैक्स क्लीनिक का अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव निगम और डॉ. अरविंद पंवार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें क्लीनिक पर एक भी पंजीकृत चिकित्सक नहीं मिला। पूछताछ के दौरान संचालक क्लीनिक पर किसी पंजीकृत चिकित्सक के बारे में जानकारी भी दे सके। इस क्लीनिक के दस्तावेजों की जांच के दौरान भी गड़बड़ी मिलने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में इसे सील करने की कार्रवाई करते हुए क्लीनिक संचालक से जवाब तलब किया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ महावीर सिंह फौजदार ने इस सबंध में बताया कि बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आती हैं। ऐसे में नोडल अधिकारी कार्रवाई करते हैं। आज की कार्रवाई को लेकर एसीएमओ डॉ. राजीव निगम ने बताया कि मीनाक्षी चौक स्थित न्यू मैक्स क्लीनिक के बारे में लगातार शिकायत मिल रही थी। आज जांच के दौरान पाया गया कि क्लीनिक के बोर्ड पर जिस चिकित्सक का नाम लिखा था, वह मौके पर मौजूद ही नहीं था। इस बारे में जानकारी करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। संचालको ने दस्तावेज भी पूरे नहीं दिखाए गए। इसे देखते हुए क्लीनिक को सील करने के बाद क्लीनिक के संचालक से जवाब मांगा गया है। उनका जवाब आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व विधायक उमेश मलिक पर मुकदमे में सुनवाई पूरी, चार जुलाई को फैसला

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। विधानसभा चुनाव वर्ष 2017 में पूर्व विधायक उमेश मलिक पर दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे की सुनवाई पूरी हो गई है। चार जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा। बुढ़ाना विधानसभा से भाजपा ने उमेश मलिक को प्रत्याशी घोषित किया था। 21 जनवरी 2017 को भाजपा प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने के लिए महावीर चौक से प्रकाश चौक होते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने समर्थकों को किसी तरह रोका। प्रत्याशी नामांकन के बाद दोबारा समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में लौट गए। तत्कालीन सिविल लाइन थाना प्रभारी नीरज सिंह ने आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। प्रकरण की सुनवाई विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई। बृहस्पतिवार को प्रकरण में अदालती बहस पूरी हो गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि अदालत ने फैसले के लिए चार जुलाई की तिथि तय की है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फुगाना थाने में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे में रालोद विधायक राजपाल बालियान अदालत में पेश हुए। विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

GRAND OPENING
Invitation
We Cordially invite you on the occasion of inauguration of our new store
MitsKart
Sunday
25 June 2023
10:00 Am Onwards
mits®
Prakash Chowk Muzaffarnagar
RSVP
Mr. MK.Bhatia | Mr. Rajesh Gurnani | Mr. Deepak Gurnani

नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर
रविवार, 25 जून 2023
प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थान :
नारायण मल्टी स्पेशलिटी क्लिनिक
23-ए, सदर बाजार, कोर्ट रोड़, खादी आश्रम के बराबर वाली गली में, मुजफ्फरनगर
डॉ0 स्वतंत्र सिंह
जनरल फिजिशियन
M.B.B.S., M.D.
(DIABETES MANAGEMENT)
डायबिटीज़ (शुगर), थायराइड, ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, टायफाइड, डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार, निमोनिया, दमा सर्दी, खाँसी, माइग्रेन, चक्कर, मिर्गी, नींद न आना, घबराहट थकान, कमजोरी, पीलिया, हिपेटाइटिस, पेटदर्द, एसिडिटी, उल्टी, दस्त
Pathkind Labs
नि:शुल्क
शुगर, हिमोग्लोबिन एवं कोलेस्ट्रोल की जाँच
डॉ0 प्रतीक इरविन गर्ग
दंत रोग
BDS, MDS
(दाँतों की सम्पूर्ण जाँच)
रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें-
81269-74327, 0131-3505136

श्रद्धांजलि

अन्तकाले च मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भावं याति नास्त्यत्र संशयः॥
(गीता 8-5)

भावार्थः जो पुरुष अन्तकाल में मुझको ही स्मरण करता हुआ शरीर को त्याग कर जाता है, वह मेरे साक्षात् स्वरूप को प्राप्त होता है - इसमें कुछ संशय नहीं है।

सप्तम् पुण्यतिथि
संजय स्वरूप बंसल जी
(13 नवम्बर 1959 - 24 जून 2016)
आपकी याद में

श्रीमती नीता स्वरूप (धर्मपत्नी) | गरिमा-नितिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
वसुन्धरा-राघव स्वरूप (पुत्रवधू-पुत्र) | आंचल-सचिन अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
इनाया, अनाहिता, मिशिका (नातिन) आदिदेव, वंश (नाती), केर्वी (पौत्री)
एवं समस्त स्वरूप परिवार

प्रतिष्ठान
श्री संजय स्वरूप स्मृति ट्रस्ट, कामाख्या स्टील्स प्रा. लि.
मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, अमरोहा ग्लास फैक्ट्री प्रा. लि.
स्वरूप रोलिंग मिल्स, कृष्णा फार्म, एका वुडवर्क्स फाउंडेशन

निवास :- कामाख्या स्टील्स प्रा. लि., 2 कि.मी. नजीबाबाद रोड, बिजनौर उ.प्र.
सम्पर्क सूत्र : 9690355555, 9412216650

विश्वासघात... गांव करहेडा में घरेलू नौकर ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर दिया घटना को अंजाम

घर में चोरी करने घुसे नौकर ने वृद्धा का सिर फोड़ा

शोर मचने पर पड़ोस के लोगों ने दोनों को पकड़ा, लोहे की रॉड पुलिस ने की बरामद

फोटो बुलेटिन

चोरी और हमले के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी नौकर तथा बरामद लोहे की रॉड, तथा चोरी के दौरान हुए हमले में घायल हुई वृद्धा का सीएचसी पर उपचार करते चिकित्सक।

भोपा, 23 जून (बु.)। गांव करहेडा में घर के नौकर ने रात्रि में नाबालिग साथी संग मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के दौरान अचानक वृद्धा ने जागने पर शोर मचाया तो नौकर ने लोहे की रोड से सिर में कातिलाना हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आए पड़ोस के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस दोनों को थाने ले गई। घायल वृद्धा को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी प्रवीण राठी ने दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार को अपनी ससुराल गया हुआ था। घर में मां सोहनवीरी, पिता आनंद सिंह व नौकर सोनू गांव बाबुपुर, थाना तुगरा के जिला दुमका झारखंड थे। आरोप है कि रात्रि में नौकर व गांव के ही उसके नाबालिग साथी ने पिताजी के कुर्ते से पांच हजार रुपए चोरी कर लिए। अचानक मां की आंख खुल गई और उसने शोर मचाया तो नौकर ने लोहे की रोड से मां के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान पिताजी जाग गए और शोर मचा दिया, जिसके बाद आस पड़ोस के लोग आ गए और दोनों को पकड़ लिया। सूचना पर डायल 112 पुलिसकर्मी प्रमोद कुमार व रॉकी मौके पर पहुंच गए तथा दोनों आरोपियों व घटना में प्रयुक्त लोहे की रोड को थाने ले गए। घायल महिला को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी भोपा ने बताया कि घटना को लेकर तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से एक को जेल व दूसरे को बाल सुधार गृह भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि घर में चोरी की योजना बनाने और हमला करने का आरोपी नौकर सोनू वर्ष 2021 में मोरना से चोरी की वारदात में जेल गया था, जो एक साल सजा काटकर आया था।

महिला के साथ मारपीट तेजाब डालने का प्रयास

कांधला, 23 जून (बु.)। विवाहिता महिला के साथ मारपीट का बीच-बचाव करने आई महिला पर आरोपी पति ने मारपीट करते हुए तेजाब डालने का प्रयास किया। घटना के संबंध में घायल महिला ने उपचार कराने के पश्चात पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को रुखसाना पत्नी मोहम्मद फैजी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी, तभी सास हारूना व पति फैजी ने विवाहिता महिला के साथ गाली-गलौच करते हुए पूरी तरह से मारपीट कर शुरू कर दी। घर में आए महिला के भाई अली हसन व बहन फरमाना ने महिला को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने सभी लोगों के साथ पूरी तरह से मारपीट करते हुए आग बबूला होकर फरमाना पर तेजाब डालने का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घायल दोनों महिलाओं ने उपचार कराने के पश्चात थाने जाकर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी समय पाल अत्री का कहना है कि घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। जांचकर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार भाई-बहन घायल

कांधला, 23 जून (बु.)। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीते गुरुवार को शामली निवासी शोयब बाइक पर सवार होकर विवाहिता बहन शहनाज के साथ बड़ौत से वापस शामली के लिए लौट रहा था। देर शाम कस्बा एलम के निकट पहुंचने पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से दोनों बहन भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों के द्वारा प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया तथा परिजनों को घटना की सूचना दी गई। घायलों का उपचार हो जाने के पश्चात डॉक्टर द्वारा उन्हें छुट्टी दे दी गई।

तारीख गवाह है

आज का इतिहास

459 वर्ष पूर्व

महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान हुई शहीद

नई दिल्ली, 23 जून (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 24 जून की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1206-दिल्ली सल्तनत के पहले सुल्तान कुतबुद्दीन ऐबक की लाहौर (अब पाकिस्तान) में ताजपोशी। 1564-भारत की वीरांगना महारानी दुर्गावती मुगलों से जंग के दौरान शहीद। 1793-फ्रांस ने पहली बार रिपब्लिकन संविधान अपनाया। 1859-फ्रांस और सारडीनिया के साथ ऑस्ट्रिया का सोल्फोरीनो युद्ध हुआ। 1918-कनाडा में मॉन्ट्रियल से टोरंटो के बीच पहली एयरमेल सेवा की शुरूआत हुई। 1961-भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी। 1963-डाक एवं टेलीग्राफ विभाग ने राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरूआत की। 1966-मुंबई से न्यूयार्क जा रहे एयर इंडिया के विमान के स्विट्जरलैंड के माउंट ब्लैंक में दुर्घटनाग्रस्त होने से 117 लोगों की मौत। 1974-भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन पर सिमटी और 285 रन से हार गया। 1975-न्यूयॉर्क के जेएफके हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में 113 लोगों की मौत। 1980-भारत के चौथे राष्ट्रपति वीवी गिरि का निधन। 2002-अफ्रीकी देश तंजानिया में ट्रेन दुर्घटना में 281 लोगों की मौत। 2004-जॉन नेग्रोपोटे इराक में अमेरिका के पहले राजदूत बने। 2005-अमेरिका की तरफ से भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी को मान्यता मिली। 2006-फिलीपीन्स में मौत की सजा समाप्त। 2008-नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2010-विंबलडन में टेनिस इतिहास में अमेरिका के जॉन इसनर और फ्रांस के निकोलस माहूत के बीच सबसे लंबा मैच 11 घंटे पांच मिनट तक चला।

एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में मटका सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सभागार में आज गृहविज्ञान संकाय द्वारा मटका सज्जा प्रतियोगिता का अयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. नवनीत वर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में वैष्णवी, दीपा, वाणी सिंघल, महक, आचंल, रिया गर्ग, गुलशन, आरती, कशिश ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वैष्णवी (द्वितीय सेमेस्टर) व गुलशन (चतुर्थ सेमेस्टर) द्वितीय स्थान पर तथा तीसरे स्थान पर आंचल (द्वितीय सेमेस्टर) रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डा. अपर्णा शर्मा व डा. अनामिका पंवार रही एवं प्रतियोगिता का संचालन पिंकी ने किया। डा. नवनीत वर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता कराने से विद्यार्थियों द्वारा घर में पड़े पुराने मटकों को विभिन्न प्रकार से सजाकर उनमें पेड़-पौधों को सुन्दर तरीके से रख सकते हैं साथ ही अपने घर के किसी भी कोने को सुन्दरता प्रदान कर सकते हैं, जिससे घर में पड़े पुराने मटकों का भी उपयोग हो जाता है और साथ ही साथ घर के गार्डन की सुन्दरता में भी वृद्धि होती है। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी प्रतिभागियों तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। मटका सज्जा प्रतियोगिता को सफल बनाने में डा. अनामिका वर्मा, डा. अपर्णा शर्मा, नीतू शर्मा, अंजु कुमारी, शिवांगी वशिष्ठ, डा. आयशा जमाल, पिंकी व कृष्ण कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

किशोरी के दो अपहर्ताओं को पुलिस ने भेजा जेल

कांधला, 23 जून (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव किवाना भट्टे से नाबालिग किशोरी को अगवा करने मामले में नामजद दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। जनपद मुजफ्फरनगर के गांव अटेरना का परिवार थाना क्षेत्र के गांव किवाना के ईट के भट्टे पर मजदूरी करने के लिए आया हुआ था। इसी दौरान विशेष संप्रदाय के एक युवक ने परिवार से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया और अपने साथ ले गया। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद करते हुए डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया था। घटना के संबंध में पुलिस ने नामजद आरोपी आदम पुत्र जब्बार नि. ग्राम अजोरपुर थाना रामपुर जनपद मऊ, समीर पुत्र नफीस नि. ग्राम सल्फा को गिरफ्तार करते हुए संगीन धाराओं में जेल भेज दिया है।

गांव बेलड़ा से लापता नाबालिग की बरामदगी को भोपा थाने पर दिया धरना

फोटो बुलेटिन

भोपा थाना परिसर में धरने पर बैठे पिछड़ा वर्ग के लोग।

भोपा, 23 जून (बु.)। बेलड़ा गांव से दस दिन से अगवा की गई नाबालिग किशोरी की बरामदगी को लेकर भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को ग्रामीणों ने थाने पर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। घंटों गहमा-गहमी के बाद प्रभारी निरीक्षक ने तीन दिन के भीतर किशोरी की बरामदगी का आश्वासन दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा निवासी व्यक्ति ने बीते 13 जून को थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि 12 जून को परिजन घर से बाहर गये हुए थे और घर पर उनकी नाबालिग बेटी अकेली थी, जो घर से गायब है। 15 जून को पिता ने गांव के ही राजू व उसके दोनों भाई अरूण व मोंटी के खिलाफ बहला-फुसलाकर अगवा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। दस दिन बीतने पर भी किशोरी की बरामदगी नहीं होने से परिजन में रोष बना है। शुक्रवार को भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात प्रजापति, युवा जिलाध्यक्ष बिट्टू, सुखपाल, मनीष, सुशील, प्रमोद, सतेंद्र, सतीश, सोहनवीर, राजवीर, भूरा आदि बड़ी संख्या में लोग थाने पर पहुंच गए तथा किशोरी की बरामदगी को लेकर नारेबाजी करते हुए धरना देकर बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रकरण में घंटों तक गहमा-गहमी चलती रही, जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने तीन दिन के भीतर किशोरी की बरामदगी के आश्वासन पर धरना समाप्त किया।

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 24 जून, 2023

मेष- बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में उन्नति, जीवन साथी में सामंजस्य, शिक्षा प्रतियोगिता में अनुकूलता, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

वृषभ- पारिवारिक उलझनें, आर्थिक व्यावसायिक हानि, नवीन समस्याएं प्रभावी, जीवन साथी से असहयोग, मान-सम्मान में कमी, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद।

मिथुन- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, आपसी अड़चनों का समापन, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, वैवाहिक जीवन मधुर, धनागम भी, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कर्क- भाग्योदय के नवीन आयाम, विवाद का निर्णय पक्ष में, भौतिक सुख के जरूरी साधन सुलभ, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, मेल-मिलाप में रुचि, लाभ का सुयोग।

सिंह- आर्थिक समस्या का निराकरण, विवाद के समापन हेतु सुपरिचितों से विचार-विमर्श, विशिष्टजन सम्पर्क का सुपरिणाम।

कन्या- शारीरिक मानसिक कष्ट, नवसमस्याएं उपस्थित, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, दूसरों के चक्कर में नुकसान, बढ़ते हुए खर्च से परेशान, दुर्जनों से कष्ट, यात्रा दुखद।

तुल्या- साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, यात्रा संतोषजनक, स्वयं का निर्णय हितकर, पारिवारिक सौहार्द।

वृश्चिक- राजनैतिक पक्ष से लाभान्वित, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, अधूरे कार्यों में सफलता।

धनु- मनोवांछित सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पठन-पाठन की ओर रुचि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, तनाव में कमी, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, धर्म के प्रति आस्था।

मकर- दिन अशुभ, योजनापूर्त में विलम्ब, प्रतिकूल घटनाओं से मानसिक अशांति, व्यवहार में लापरवाही से हानि, लक्ष्य के प्राप्ति हेतु चिन्ता, धन-सम्पत्ति विवाद।

कुम्भ- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, पूँजी का प्रतिफल, आशानुकूल प्राप्त, व्यवसाय में विस्तार, भोग-विलासिता की ओर रुझान, कर्ज की निवृत्ति सार्थक।

मीन- शुभ भावनाओं का उदय, कठिनाइयों का निराकरण, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क, स्थान-परिवर्तन का कार्यक्रम, जनकल्याण की ओर।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

27 जून को डिजिटल संवाद कर इतिहास रचेंगे पीएम मोदी

लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम के जरिये भाजपा 27 जून को डिजिटल प्लेटफार्म पर संवाद का इतिहास रचेगी। पीएम मोदी 16 हजार संगठनात्मक मंडलों और 10 लाख बूथों पर तीन करोड़ कार्यकर्ताओं, जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने वर्चुअल बैठक ली। बैठक में सुनील बंसल ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम तीन चरण में किया जाएगा।

एसडीएम की टीम ने बचाई खालापार के इमरान की जान

सट्टेबाज से प्रताड़ित होकर इमरान ने खतौली नहर में लगाई थी छलांग

सट्टेबाज पर पूरे परिवार को परेशान कर पुलिस से डराने-धमकाने के लगाए पीड़ित ने आरोप

खतौली, 23 जून (बु.)। नहर में छलांग लगाकर जान देने का प्रयास करने वाले खालापार के इमरान को एसडीएम खतौली और उनकी टीम ने काफी मशक्कत के बाद बचा लिया, जिसे पूछताछ के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस को इमरान ने बताया कि सट्टेबाज से प्रताड़ित होकर वो आज अपनी जान देने के लिए खतौली नहर पर आया था। बाद में पुलिस ने परिजनों को बुलाकर इमरान को उनके सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर के मौहल्ला खालापार निवासी इमरान शुक्रवार सुबह से ही खतौली गंग नहर पर टहल रहा था। इसी दौरान उसने खतौली गंग नहर पुल के ऊपर से नहर में छलांग लगा दी, तभी खतौली एसडीएम सुबोध कुमार कांवड़ पटरी मार्ग से होते हुए गंग नहर पहुंचे। इमरान को कूदते हुए उन्होंने देख लिया और तुरंत अपने साथ चल रहे सुरक्षा कर्मियों को उसकी जान बचाने के लिए भेजा। नहर पर मौजूद तैराकों की मदद से इन पुलिस कर्मियों ने इमरान को बाहर निकाला गया। पूछताछ में इमरान ने बताया कि वह मौहल्ले के ही एक सट्टेबाज से आजिज आ चुका है। उसने बताया कि सट्टेबाज उसको व उसके परिवार को अक्सर परेशान करता रहता है तथा हाल ही में उसने थाने में उसकी झूठी शिकायत भी की थी। इसी डर व परेशानी से आजिज आकर उसने मौत को गला लगाने का निर्णय कर लिया। एसडीएम ने खतौली पुलिस को सूचना देकर इमरान को पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जिसे पुलिस ने पूछताछ करने के बाद परिजनों को मौके पर बुलाया और उनके हवाले कर दिया।

मजदूर के साथ मजदूरी मांगने पर मारपीट, घायल को घर के बाहर फेंका



कांधला, 23 जून (बु.)। मजदूरी के पैसे मांगने पर बाग ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर मजदूर व पिटाई करते हुए घायल कर दिया। घायल को उसके घर के बाहर फेंककर आरोपी मौके से फरार हो गए। कस्बे के मौहल्ला खाकरोबान निवासी महिला गुलिस्ता ने पुलिस को तहरीर देते बताए कि उसका पति जनपद शामली के गांव बन्तीखेड़ा के बाग में 15000 प्रति माह नौकरी करने के लिये गया था। डेढ़ माह बीत जाने के पश्चात पति ने ठेकेदार से अपनी मजदूरी के पैसे मांगे। आरोप है कि उसका पति बाग में से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया और शुक्रवार घर के बाहर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। होश आने पर पति ने अपने साथ ठेकेदार से अन्य कुछ लोगों के साथ मिलकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया। घटना के संबंध में पीड़ित महिला ने पति का उपचार कराने के पश्चात थाने जाकर आरोपी लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

यूपी बोर्ड के छात्र अब पढ़ेंगे गांधी और सावरकर सहित 50 महापुरुषों की गाथा

इसी साल जुलाई से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र में शामिल होगा नया पाठ्यक्रम

लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया है।

यूपी बोर्ड ने कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं तक के पाठ्यक्रम में बदलाव करते हुए 50 महापुरुषों की जीवन गाथा शामिल की है। ये बदलाव नैतिक शिक्षा पाठ्यक्रम में किया गया है। इतना ही नहीं इसमें छात्रों के लिए सिर्फ पढ़ना ही नहीं बल्कि पास होना भी अनिवार्य किया गया है। यूपी बोर्ड की ओर से नैतिक शिक्षा विषय में शामिल महापुरुषों में महात्मा गांधी, गोखले, आजाद, सावरकर, आंबेडकर और कलाम, बेगम हजरत महल, महर्षि पतंजलि, शल्य चिकित्सक सुश्रुत, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, बुद्ध, शिवाजी, रामानुजन, जेसी बोस आदि प्रमुख नाम हैं। सूची में भगवान बिरसा मुंडा, अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव से लेकर टैगोर, शास्त्री, पटेल, पंडित उपाध्याय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महामना और घोष भी शामिल हैं। यूपी बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के विद्यार्थी इन महापुरुषों की जीवन गाथा इसी सत्र यानी जुलाई में स्कूल खुलने के बाद पढ़ सकेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है।

नौवीं के पाठ्यक्रम में शामिल महापुरुष

इस साल बदले जा रहे यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में देश के महापुरुषों की जीवनी में विद्यार्थी भगवान बिरसा मुंडा, गौतम बुद्ध, ज्योतिबा फुले, छत्रपति शिवाजी, बेगम हजरत महल, विनायक दामोदर सावरकर, विनोबा भावे, चंद्रशेखर आजाद, वीर कुंवर सिंह, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, श्रीनिवास रामानुजन और जगदीश चंद्र बोस। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, गोपाल कृष्ण गोखले, मंगल पांडेय, लोकमान्य तिलक, ठाकुर रोशन सिंह, सुखदेव, खुदी राम बोस।

11वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल महापुरुष

डॉ. भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, महावीर जैन, महामना मदन मोहन मालवीय, अरविंद घोष, राजा राम मोहन राय, सरोजनी नायडू, नाना साहब देशमुख, शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मल, महर्षि पतंजलि, शल्य चिकित्सक सुश्रुत और डॉ होमी जहांगीर भाभा।

सांड ने किसान, गुलदार ने बच्चे को मार डाला

बिजनौर, 23 जून (एजेंसी)। किरतपुर में रायपुर के जंगल में बुधवार की शाम करीब चार बजे क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी मिसरे (60) बकरियों को चराने जंगल ले गया था। जब वह जंगल में बकरी चरा रहा था, तभी जंगल में घूम रहे आवारा गोवंश ने अचानक मिसरे पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में मिसरे संभल नहीं पाया और आवारा गोवंश (सांड) ने उसे पटककर जमीन पर दे मारा। इस दौरान सांड ने मिसरे को लहुलूहान कर दिया। वहीं, आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने भागकर मिसरे को बचाना चाहा और आवारा गोवंश को भगाया। रेहड़ के गांव बादशाहपुर में 10 साल के बच्चे को गुलदार ने मार डाला। इससे पहले अप्रैल माह में गुलदार ने इसी गांव में एक बच्ची पर हमला करते हुए उसको मार दिया था। दो दिन में गुलदार के हमले में दो इंसानों की जान जा चुकी है। इसके अलावा कल भी गुलदार ने एक महिला को मार दिया था।

ऑनलाइन गेम के चस्के में घर छोड़कर भागा फौजी, 25 लाख रुपये का उठा चुका है घाटा

मेरठ, 23 जून (एजेंसी)। ऑनलाइन गेम खेलने का विरोध करने पर फौजी घर छोड़कर भाग गया। फौजी अब तक करीब 25 लाख रुपये का घाटा भी खा चुका है। फौजी की लोकेशन साहिबाबाद में मिली। इसके बाद फौजी की तलाश में सैन्य अधिकारी निकल गए हैं। लालकुर्ती पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से बिहार का रहने वाला सैन्यकर्मी एक रेजीमेंट में तैनात है। फौजी को मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने का शौक है, जिसके चलते वह 25 लाख रुपये का घाटा पहले उठा चुका है। सेना के अधिकारियों ने फौजी को गेम खेलने के लिए मना किया हुआ है। परिजन भी गेम खेलने का विरोध करते हैं। लेकिन गेम खेलने का चस्का फौजी पर इस कदर चढ़ा हुआ है कि वह बृहस्पतिवार को घर छोड़कर भाग गया। परिजनों ने पहले तो फौजी की तलाश की लेकिन, कोई सुराग नहीं लगा तो सैन्य अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद सैन्य अधिकारी लालकुर्ती एसओ नरेश कुमार से मिले। एसओ ने फौजी के मोबाइल की लोकेशन निकवाई तो साहिबाबाद में मिली। जिसके बाद सेना के अधिकारी साहिबाबाद रवाना हो गए।

अमेरिकी सांसदों की तारीफ करते हुए राहुल गांधी पर तंज कस गए पीएम मोदी

वॉशिंगटन, 23 जून (एजेंसी)। अमेरिकी कांग्रेस में गुरुवार को दिए अपने संबोधन में पीएम मोदी ने इशारों-इशारों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तंज कस दिया। दरअसल अपने संबोधन में पीएम मोदी ने अमेरिकी सांसदों की तारीफ करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि सभी सांसद भारत के साथ अपने रिश्तों के जश्न में एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि घर में विचारों का संघर्ष होना चाहिए लेकिन जब देश के लिए बोलने की बात आए तो सभी को एकसाथ आ जाना चाहिए। पीएम मोदी के इस बयान को राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है क्योंकि विदेश में दिए गए उनके बयानों पर खूब विवाद हुआ है।

भारत और अमेरिका डब्ल्यूटीओ में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत

नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसी)। भारत और अमेरिका विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अपने छह व्यापार विवादों को समाप्त करने पर सहमत हो गए हैं। नयी दिल्ली ने बादाम, अखरोट और सेब जैसे 28 अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी सीमा शुल्क भी हटाने का फैसला किया है।

राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच यह कदम उठाया गया है। 2018 में अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर क्रमशः 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था। इसके जवाब में भारत ने जून 2019 में काबुली चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड और डायग्नोस्टिक अभिकर्मकों समेत 28 अमेरिकी उत्पादों पर सीमा शुल्क लगा दिया था। इन छह विवादों में तीन भारत और इतने ही विवाद अमेरिका की ओर से शुरू किए गए हैं।

दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था में जरा सी भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं: योगी

लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश को दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "यूपी फार यूपी, यूपी फार इंडिया, यूपी फार ग्लोबल" की परिकल्पना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समय उत्तर प्रदेश का है। अपनी क्षमताओं का का पूरा लाभ उठाते हुए देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार यूपी बनेगा। इस दिशा में किसी भी देरी या लापरवाही की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम के विजन के अनुरूप प्रदेश को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण सेक्टरों पर फोकस करें। इनमें कृषि, धार्मिक पर्यटन, विनिर्माण, आईटी और आईटीईएस हैं। इसके अलावा ऊर्जा, स्वास्थ्य, शहरी विकास, शिक्षा, फूड प्रसेसिंग, एमएसएमई आदि सेक्टरों पर भी विशेष फोकस करने की जरूरत पर बल दिया।

नमाज को लेकर पुलिस ने उलेमाओं के साथ की बैठक

कांधला, 23 जून (बु.)। नगर व क्षेत्र में बकरा ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन ने उलेमाओं के साथ बैठक करते हुए मस्जिद परिसर में नमाज अदा किए जाने की अपील की। इस दौरान नगर व क्षेत्र के नाम के मौलानाओं ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को थाना प्रभारी समय पाल अत्री ने बकरा ईद की नमाज को लेकर नगर व क्षेत्र के नामचीन उलेमाओं के साथ बैठक की। गांव गढ़ीदौलत के जामिया बदरुल उलूम मदरसे के प्रबंधक हजरत मौलाना आकील से अपील की कि ईद को परंपरागत तरीके से मनाकर आपसी भाईचारे को कायम रखें। सार्वजनिक स्थानों एवं सड़कों पर नमाज अदा न करें। किसी तरह की नई परंपरा शुरू कर अपवाद न बनें। उन्होंने बताया कि ईद पर साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि से जुड़े अफसरों को नगर निगम, विद्युत समेत संबंधित अधिकारियों को उच्च अधिकारी द्वारा दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। हजरत मौलाना आकिल ने बैठक के दौरान ईद उल अजहा पर नमाज और कुर्बानी के लिए व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात थाना प्रभारी ने ईदगाह के इमाम मौलाना हजरत नुरुल राशिद से बकरीद की नमाज को ईदगाह के साथ ही मौहल्लों की अन्य मस्जिदों में भी अदा करने की अपील की है। उन्होंने भी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था में सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कैरियर सेमिनार

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। भोपा रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड वोकेशनल स्टडीज में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देहली इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स साईन्स एण्ड रिर्सच नई दिल्ली के प्रोफेसर व फार्मेसी जगत की जानी मानी हस्ती डॉ. डीपी पाठ्क ने कैरियर अर्पोट्यूनिटीज ऑफ्टर बीफार्मा एण्ड एम.फार्मा नामक शीर्षक पर अपने व्याख्यान दिये। डॉ. पाठक ने अपने व्याख्यान में परपज ऑफ फार्मेसी और जॉब अर्पोट्यूनिटीज के मुख्य बिन्दु क्यू-ए, क्यू-सी, आर एण्ड डी, फार्मा मार्केटिंग, ऑनलाइन फार्मेसी, ड्रग इंस्पेक्टर, पैथोलॉजीकल लैब साईनटिस्ट व विभिन्न प्रकार की तकनीकियों व फार्मा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को प्रमुखता से रखा। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। डॉ. भुवनेन्द्र सिंह, डॉ. वैशाली सिंह, कॉलेज मीडिया प्रभारी डॉ. विमल कुमार भारती, हरेन्द्र, पल्लवी, राबिया, मिनाता, सफकत जैदी, कुलदीप सैनी, संजीव रतन तिवारी, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, राहुल कुमार, अक्षय वर्मा, विनय कुमार रोहित, विकास कुमार, आरिफ आदि मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेट

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

विपक्षी दलों का एकता प्रोग्राम

पटना में विपक्षी दलों का एकता कार्यक्रम तय हो गया। एक दिन में जो बातें की जा सकती थी वो की गयीं। एकता का प्रोग्राम चुनाव आते-आते कैसे सैट होता है, यह तभी पता चलेगा। अभी तो विपक्षी नेताओं ने एकता ही की बातें की हैं, जबकि भाजपाइयों ने इस एकता के लिए हुई बैठक पर जमकर तंज कसे है। बिहार भाजपा ने पटना में इस बैठक पर कटाक्ष करते हुए खूब पोस्टर भी लगाए हैं। अमित शाह ने इस बैठक को फोटो सेशन बताया है। अमित शाह ने कल जम्मू में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर हैं और संदेश देना चाहते हैं कि हम बीजेपी और पीएम मोदी को चुनौती देंगे। विपक्ष कितनी भी बार एक होने का ढोंग कर ले, लेकिन 2024 के चुनाव में 300 से ज्यादा सीटों के साथ पीएम मोदी का फिर प्रधानमंत्री बनना तय है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी की दादी ने लालू यादव को जेल में डाला था। इंदिरा गांधी ने नीतीश कुमार को पूरे 20 महीने जेल में डाला था। आज पटना की धरती पर राहुल का स्वागत करते हुए, जब मैं इनकी तस्वीरें देख रहा हूं, तो मुझे याद आता है कि राजनीति में क्या से क्या हो गया, कहां से चले थे और कहां पहुंच गए। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को विश्व नेताओं की ओर से की जा रही प्रधानमन्त्री मोदी की प्रशंसा हजम नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे भी पटना की धरती पर लैंड कर गए हैं। इनके पिता हिंदू सम्राट बाला साहेब ठाकरे कहा करते थे कि मैं शिवसेना को कांग्रेस नहीं बनने दूंगा। अगर मुझे कांग्रेस से हाथ मिलाना पड़ा, तो मैं अपनी दुकान बंद कर दूंगा। आज बाला साहेब ठाकरे सोचते होंगे किसी और ने नहीं उनके बेटे ही ने उनकी दुकान बंद कर दी है। स्मृति ईरानी ने भी कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मैं विशेष तौर पर कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने सार्वजनिक तौर पर यह घोषित कर दिया कि कांग्रेस, अकेले अपने दम पर पीएम मोदी को हराने में नाकाम है। उन्हें सहारे की जरूरत है। नित्यानंद राय ने कहा कि पटना की सड़कों पर अनेकों दूल्हों की दावेदारी लगी हुई है। दूल्हा कौन है ये तो साफ समझ आ गया है कि वहां कोई दावेदारी ही नहीं है। विपक्ष एक साथ लड़े या न लड़े उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। 2024 में जनता पीएम मोदी ही को फिर प्रधानमन्त्री बनाएगी। पशुपति कुमार पारस ने कहा कि 2024 में पीएम पद की कोई वैकेंसी नहीं है। विपक्षी एकता एक झूठ है। ये बस फोटो के लिए है। इस मीटिंग में बैठी ममता बनर्जी क्या कांग्रेस से समझौता कर लेंगी? केजरीवाल अपने स्वार्थ के लिए बैठे हैं कि जो अध्यादेश जारी हुआ है, उसके संबंध में समर्थन चाहते हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इन्होंने नाम तो दिया है मोदी हटाओ, लेकिन यह गठबंधन परिवार बचाओ का है। सारी परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए गठबंधन कर रही हैं। ऐसा ही प्रयास 2019 में भी हुआ था पर इन्हें कोई फायदा नहीं हुआ। विपक्ष की बैठक पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विपक्षी गठबंधन बुरी तरह से फ्लॉप शो साबित होगा और बीजेपी ही 2024 में फिर आएगी। मुख्यमन्त्री आवास 1 अणे मार्ग में चली बैठक में विपक्षी पार्टियों के नेता मौजूद रहे। विपक्षी एकता की दूसरी बैठक शिमला में होगी। यह बैठक 10 से 12 जुलाई के बीच हो सकती है। पार्टियों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नीतीश कुमार ने कहा कि एक साथ चलने की बात हुई है। एक साथ चुनाव लड़ने की सहमति बन गई है। अगली मीटिंग सब पार्टियों की एक और जल्द की जाएगी। इस मीटिंग में अंतिम रूप दिया जाएगा, कौन कहां से, कैसे लड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान की नींव पर हमला हो रहा है। बीजेपी-आरएसएस आक्रमण कर रही है। मैंने मीटिंग में कहा कि हम सब एक साथ खड़े हैं। सभी पार्टी में थोड़े-थोड़े डिफ्रेंसेज है, लेकिन एक साथ काम करेंगे। आज जो बातचीत की है, उसे अगली मीटिंग में और आगे बढ़ाएंगे। ममता बनर्जी ने कहा, नीतीश कुमार ने बहुत अच्छे तरीके से मीटिंग का आयोजन किया है। पटना ही से जनआंदोलन शुरू होता है। दिल्ली में कई बार मीटिंग हुई, लेकिन उसका कोई निष्कर्ष नहीं निकला। आज की मीटिंग में तीन चीजें क्लियर हुई। पहला हम एक है। दूसरी हम एक साथ लड़ेंगे। तीसरी जो भी पॉलिटिकल एजेंडा बीजेपी लाए, हमलोग साथ मिलकर उसका विरोध करेंगे। इस लड़ाई में अपना खून बहाना पड़ा, तो बहाएंगे। आज इतिहास का बड़ा दिन है। बिहार भाजपा के एक नेता ने इन नेताओं की नैतिकता पर सवाल उठाते हुए कहा, जब एक सुप्रीम कोर्ट से भी स्वयं को बड़ा समझने वाली नेता, एक भ्रष्टाचार के दोष में न्यायालय से दण्ड प्राप्त नेता के पाँव छूती है, तो इस बैठक की नैतिकता का पता चलता है। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली पहुंचकर आप ने स्टेटमेंट जारी कर कांग्रेस को केंद्र सरकार के अध्यादेश पर अपना रुख साफ करने को कहा है। पार्टी ने कहा कि जब तक कांग्रेस अपना रुख साफ नहीं करती, तब तक आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ किसी बैठक में शामिल नहीं होगी। बैठक में उमर अब्दुल्ला ने धारा 370 हटाने पर आम आदमी पार्टी के रुख पर आश्चर्य जताया है। सभी दलों ने केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल का समर्थन करने के लिए कांग्रेस से कहा है।

ममता बनर्जी ने कहा कि सभी को महत्वाकांक्षा छोड़नी होगी। कोई अपना दबदबा नहीं बनाए। विपक्षी एकता बैठक पर असदुद्दीन ओवैसी ने भी तंज कसा है। उन्होंने कहा, बैठक में शिवसेना है। क्या वे सेक्युलर हो गए हैं? दिल्ली के सीएम हैं, उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने पर भाजपा का समर्थन किया था। नीतीश कुमार हैं, जो एनडीए की तरफ से मुख्यमन्त्री रहे हैं। हम भी नहीं चाहते के 2024 में देश के प्रधानमन्त्री मोदी बनें, लेकिन इन पार्टियों का ट्रैक रिकॉर्ड क्या है? कांग्रेस आगे रहना चाहती है,नीतीश प्रधानमन्त्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं। पटना की बैठक का परिणाम कुछ भी हो, लेकिन एक गठबंधन लखनऊ में भी हो सकता है, बसपा और कांग्रेस का गठबंधन, इनके नेताओं की वार्ता हो रही है। अगस्त, सितम्बर तक ऐसी कोई खबर आ सकती है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"राहुल" "खड़गे" "नीतीश" "अखिलेश"

राहुल गांधी पीएम होंगे खड़गे की ये इच्छा है,
पीएम हों नीतीश हमारे ममता ने संज्ञान लिया।
अब्दुल्ला और महबूबा, अखिलेश के नाम पे राजी हैं,
केजरीवाल ही पीएम होंगे मान ने ऐसा मान लिया।

लग्जरी गाड़ी छोड़, ई-बस में सवार हुईं हेमा मालिनी

मथुरा, 23 जून (एजेंसी)। सांसद हेमा मालिनी अपनी लग्जरी गाड़ी छोड़कर 5 किलोमीटर ई-बस से यात्रा की। इस दौरान बस में सवार यात्रियों ने सांसद के साथ सेल्फी ली। ई-बस में सवार यात्रियों से व्यवस्था बेहतर करने का सुझाव मांगा। इसके साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर से हाल पूछा। बातचीत में यात्रियों ने ई-बस को बेहद आरामदायक और बेहतर बताया। सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि ई-बस के संचालन से डग्गामार वाहनों पर लगाम लगेगी। लोगों को जाम से भी छुटकारा मिलेगा। यहां आने वाले पर्यटक और यात्रियों को आसानी होगी। ई-बस में सीट और एसी सहित साफ-सफाई अच्छा था। बस में सवार यात्रियों ने ई-बस के संख्या बढ़ाने की मांग की है। बसों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। सांसद वृंदावन के ओमेक्स सोसायटी में स्थित अपने घर से निकलकर छटीकरा रोड पर पहुंची। यहां उनको वृंदावन से गोवर्धन जा रही ई- बस को रूकवाया। इस दौरान गाड़ी छोड़कर उसमें सवार हो गई। बस में सवार होने के बाद पूरे बस का निरीक्षण किया। सांसद ने बस में चल रहे एसी की कुलिंग,उउळश, सीट और सफाई का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बस में साफ-सफाई की तारीफ की।

अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस पर निराश्रित महिलाओं को वितरित किए छाते

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित लोकवाणी सभाकक्ष में शुक्रवार को पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिलाओं (विधवाओं) को योगी सरकार की पहल पर छाते वितरित किए गए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रोबेशन अधिकारी मैत्री रस्तोगी द्वारा की गई। जिला प्रोबेशन आधिकारी मैत्री रस्तोगी द्वारा इस दौरान 49 विधवा महिलाओं को छाते वितरित करने के साथ साथ उक्त महिलाओं को महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के विषय में जानकारी दी। इसके साथ अन्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में अवगत कराया। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी व मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया के निर्देशन में जिले में विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी व जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न किए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता के बाद 21 जून 2011 को इसकी शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य विधवा महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व को बढ़ावा देना है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला कल्याण विभाग से नीना त्यागी संरक्षण अधिकारी, हेमलता विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, सचिन कुमार, पारूल त्यागी, पूरणमल व संजय कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पनडुब्बी में गई पांच की जान: नहीं जाना चाहता था अरबपति का बेटा सुलेमान

लंदन, 23 जून (एजेंसी)। टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने टाइटन पनडुब्बी में सवार होकर गए सभी पांच यात्रियों की मौत हो चुकी है। इस हादसे में पाकिस्तानी मूल के अरबपति शहजादा दाऊद और उनके 19 वर्षीय बेटे सुलेमान दाऊद की भी मौत हो गई है। गुरुवार को शहजादा दाऊद की बड़ी बहन ने बताया कि सुलेमान इस सफर पर जाना ही नहीं चाहता था और वह तो इसे लेकर डरा हुआ था। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, शहजादा दाऊद की बड़ी बहन अजमेह दाऊद ने बताया कि सुलेमान ने एक रिश्तेदार को बताया था कि वह इस ट्रिप को लेकर रोमांचित नहीं है बल्कि डरा हुआ है।

1200 करोड़ के डॉक्यूमेंट सीज; 2000 के नोट तेजी से खपाने से रडार पर आए

कानपुर, 23 जून (एजेंसी)। कानपुर-लखनऊ में ज्वेलर्स कारोबारी और रियल एस्टेट प्रमोटर के ठिकानों पर आयकर की रेड दूसरे दिन भी जारी है। कानपुर में 17 जगहों पर छापेमारी चल रही है। इनमें ज्वेलर्स कारोबारी कैलाश अग्रवाल, इनके भाई अमरनाथ अग्रवाल और रियल एस्टेट कंपनी एमरॉल्ड के प्रमोटर शामिल हैं। इसके अलावा लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता में भी इनसे जुड़े 38 ठिकानों पर रेड चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक की छापेमारी में 1200 करोड़ के लेन-देन से जुड़े डॉक्यूमेंट सीज किए हैं। इनकी जांच की जा रही है। एक ज्वेलरी कारोबारी की फर्म के टर्नओवर में फेरबदल की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि रियल स्टेट कारोबार में बड़ी मात्रा में पैसा खपाया जा रहा था। इसलिए, विभाग एक-एक डॉक्यूमेंट्स की जांच कर रहा है। आयकर की ये कार्रवाई 2-3 दिन चलने का अनुमान है। सूत्रों के मुताबिक, एक फर्म के अकाउंट में 2 हजार के नोटों को तेजी से जमा कराया जा रहा था। विभाग को यह भी पता चला कि 2000 के नोट ऐसे लोग जमा करा रहे थे, जिनके पास पैन कार्ड नहीं था। इसी से आयकर विभाग को क्लू मिला।

पड़ताल की, तो कानपुर-लखनऊ की कंपनियों के नाम सामने आए। इसके बाद रेड का एक्शन प्लान किया। आयकर विभाग को अंदेशा है कि सिंडिकेट बनाकर रियल एस्टेट समेत अन्य धंधों में ब्लैक मनी को खपाया जा रहा है।

तोतलेपन का इलाज कराने लाए बच्चे का कर दिया खतना

बरेली, 23 जून (एजेंसी)। एम खान अस्पताल में शुक्रवार शाम हंगामा हो गया। संजय नगर के एक हिंदू दंपती अपने ढाई साल के बेटे को तोतलेपन का इलाज कराने के नाम पर सुबह के वक्त लाए थे। बच्चे के तालू का छोटा सा ऑपरेशन होना था, आरोप है कि इसकी बजाय बच्चे का खतना कर दिया गया। दंपती को जब यह पता लगा तो उन्होंने हिंदू संगठनों के लोगों को बुला लिया। इन्होंने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया तो डॉक्टर के बुलाने पर आईएमए के पदाधिकारी पहुंच गए। बच्चे के पिता को बंद कमरे में बैठाकर वार्ता की गई पर बात नहीं बनी। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि शिकायत पर एक कमेटी गठित कर दी गई है, इसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित के पिता ने बताया कि इन्होंने मेरे बेटे को हिंदू से मुसलमान बना दिया। अस्पाताल ने बिना हमें जानकारी ये सब कर दिया। इनका मकसद ही हिंदू से मुसलमान बनाना था।

डिप्लोमा फार्मेसिस्ट आज से करेंगे 2 घंटे की कामबंद हड़ताल

-सुबह 8 से 10 तक नहीं होगा अस्पतालों में कोई काम

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। बीते एक सप्ताह से चल रहे आंदोलन के बीच डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने अब 2 घंटे की कामबंद हड़ताल किए जाने का ऐलान किया है। शुक्रवार तक काला फीता बांधकर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे इन कर्मचारियों ने सरकार को नींद से जगाने की दिशा में निर्णय लिया है। शुक्रवार को इस संबंध में अधिकारियों को भेजे पत्र के माध्यम से डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री मनोज त्यागी ने बताया है कि शनिवार को जिला अस्पताल में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक अधिकारी-कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने के साथ आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते उनकी मांगों का संज्ञान नहीं लिया गया तो यह हड़ताल अगले निर्देशों तक यूं ही जारी रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से केसी राय, रोहित चौधरी, प्रशांत राठी, जसवीर कौर, मोबिन अली, विशाल भारद्वाज, मौ. हारूण, सुदीप त्यागी आदि मौजूद रहे।

श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारम्भ

खतौली, 23 जून (बु.)। श्री कृष्ण संकीर्तन भवन घन्टाघर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा से हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रातःकाल श्रीकृष्ण संकीर्तन भवन गीता भवन प्रांगण से भव्य कलश यात्रा प्रारम्भ हुई। यात्रा में शामिल स्त्री-पुरूष भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा बड़ा बाजार, इन्दिरा मूर्ति, जीटी रोड होती हुई मंदिर भवन पर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना व आरती का आयोजन हुआ। इसके उपरांत सांयकाल मंदिर प्रांगण में श्रीमदभागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास सुशील पुरोहित वेदपाठी ने मंगलाचरण करके विधिवत भागवत कथा का प्रारम्भ करते हुए बताया कि भागवत श्रवण करने मात्र से मानव जीवन सफल बनाया जाना सम्भव है। उन्होंने पांच प्रकार के महापापियों का उल्लेख करते हुए धुंधकारी जैसे महापापी ने संस्मरण का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि भागवत का श्रवण जहां मानव को भक्ति की प्रेरणा देता है, वहीं वह मानव को पाप से बचाता है। इस दौरान कथा व्यास द्वारा प्रस्तुत भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुगण भक्तिरस में डूबकर नृत्य करते दिखायी दिये। कथा का आयोजन आगामी 29 जून तक प्रतिदिन सांय 3 बजे से हरिइच्छा तक होगा। दिनेश गुप्ता, भावेश गुप्ता, रितेश व अंकुश गुप्ता परिवार द्वारा प्रभुसेवा में आयोजित भागवत कथा में मनोज अग्रवाल, पंकज भटनागर, कुलदीप शर्मा, संजीव मिश्रा, कन्हैया मित्तल, मुकेश तायल, अंजू चढ्डा, ललित अग्रवाल, विजय शंकर, दीपक, रवि आदि का सराहनीय योगदान रहा।

इंदिरा ने जिन्हें जेल में डाला, वे कांग्रेस के साथ गलबहियां डाल रहे:नड्डा

भुवनेश्वर, 23 जून (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पटना में विपक्षी दलों की बैठक की मेजबानी करने के लिए शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को आड़े हाथों लिया। नड्डा ने उन्हें याद दिलाया कि वह कांग्रेस की नेता और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ही थीं, जिन्होंने उन्हें आपातकाल के दौरान महीनों के लिए जेल में डाल दिया था। नड्डा ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी विपक्षी दल पटना में गलबहियां डाल रहे हैं। ये देखकर आश्चर्य होता है कि कांग्रेस विरोध के साथ अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने वाले नेताओं की स्थिति क्या से क्या हो गई है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यही लालू प्रसाद यादव पूरे 22 महीने जेल में रहे। जबकि नीतीश कुमार पूरे 20 महीने जेल की सलाखों के पीछे रहे। राहुल की दादी व कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने इन लोगों को जेल में डाला था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि हिन्दुओं की बात करने वाले उनके पिता बालासाहेब ठाकरे कहा करते थे कि वह शिवसेना को कभी कांग्रेस नहीं बनने देंगे और जिस दिन कांग्रेस से हाथ मिलाना पड़े तो वह अपनी दुकान बंद कर देंगे। आज बालासाहेब ठाकरे सोचते होंगे किसी और ने नहीं, बल्कि उनके बेटे ने ही उनकी दुकान बंद कर दी है।

राज्यरानी, नौचंदी, संगम, लखनऊ-चंडीगढ़ सहित 10 ट्रेनें 30 जून से पांच जुलाई के बीच रद्द

लखनऊ , 23 जून (एजेंसी)। राज्यरानी, लखनऊ-चंडीगढ़, डबल डेकर, जनता एक्सप्रेस सहित दस ट्रेनें 30 जून से पांच जुलाई तक कैंसिल रहेंगी। इससे बरेली के रास्ते मुरादाबाद रेलखंड पर पैसेंजरों का सफर मुश्किल भरा होगा। बरेली रेलखंड के अलगवां स्टेशन की लूपलाइन को जोड़ने का काम इस दौरान उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल द्वारा किया जाएगा। रेलवे जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि वाराणसी बरेली एक्सप्रेस 30 जून से तीन जुलाई तक, प्रयागराज संगम बरेली एक्सप्रेस एक से चार जुलाई, लखनऊ जंक्शन चंडीगढ़ एक्सप्रेस 30 जून से तीन जुलाई, लखनऊ जंक्शन आनंदविहार डबल डेकर दो से चार जुलाई, लखनऊ-मेरठ राज्यरानी एक्सप्रेस 30 जून से चार जुलाई, वाराणसी देहरादून जनता एक्सप्रेस 30 जून से तीन जुलाई, प्रयागराज सहारनपुर नौचंदी एक्सप्रेस एक से चार जुलाई, वाराणसी नई दिल्ली काशी विश्वनाथ 30 जून से तीन जुलाई, लखनऊ काठगोदाम एक्सप्रेस 30 जून से तीन जुलाई, बरेली वाराणसी एक्सप्रेस एक से चार जुलाई, बरेली प्रयागराज एक्सप्रेस एक से चार जुलाई, चंडीगढ़ लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस एक से चार जुलाई, आनंदविहार लखनऊ डबल डेकर दो एवं चार जुलाई, मेरठ लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस एक से पांच जुलाई, देहरादून वाराणसी जनता एक्सप्रेस एक से चार जुलाई, सहारनपुर प्रयागराज नौचंदी एक्सप्रेस 30 जून से तीन जुलाई, नई दिल्ली बनारस काशी विश्वनाथ एक से चार जुलाई तक तथा काठगोदाम लखनऊ एक्सप्रेस एक एवं चार जुलाई तक कैंसिल रहेंगी। इसी क्रम में चार जुलाई को टनकपुर शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस, जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस और जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस के साथ अवध आसाम एक्सप्रेस 2:30 घंटा रोककर चलाई जाएगी।

कांवड़ यात्रा मेले की तैयारियों की समीक्षा में दिए दिशा-निर्देश

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। आगामी कांवड़ यात्रा को जिले में सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने की दिशा में शुरू तैयारियों के बीच अधिकारियों ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में जिला पंचायत सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों से कांवड़ यात्रा के दौरान पार्किंग व्यवस्था के साथ यातायात, रूट डायवर्जन, शुद्ध पेयजल, समुचित प्रकाश की व्यवस्था, चिकित्सा कैम्प, मेडिकल व एम्बूलेंस आदि सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के साथ ही शिविर संचालकों से वार्ता कर शिविरों को तय मानकों के अनुरुप रखने, लम्बित कार्यों को तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करने, जलभराव की स्थिति होने पर रास्तों को दुरूस्त करने, ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त उपलब्धता, कांवड़ यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, झाडियों की कटाई, कमजोर विद्युत पोल व तारों को बदलने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया। समीक्षा बैठक में सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, समस्त एसडीएम सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत, पालिका व ट्रैफिक व पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

देर रात तक श्रीश्याम संकीर्तन में जमे रहे श्रद्धालुगण

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बुस.)। शुक्रवार की रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन राकेश कुमार गर्ग गायत्री ज्वेलर्स वालों के द्वारा आशीर्वाद बैंकट हॉल जानसठ रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें प्रेरणा स्रोत सुरेश चंद गुप्ता पहाड़गंज वाले, भजन प्रवाहिका परविंदर पलक फतेहाबाद,अर्पित गोयल मुजफ्फरनगर द्वारा अपने भजनों से बाबा को खूब रिझाया गया। संकीर्तन में विशेष भव्य दरबार, फूल वर्षा, इतर वर्षा, पुष्प वर्षा, छप्पन भोग आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान राकेश गर्ग, राजीव गर्ग, मयूर गर्ग, विशाल गोयल, कमल सिंघल, विपुल तायल, अमन तायल, रमन गोयल. विपिन गुप्ता, ईशान गर्ग सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

12 दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर का समापन

खतौली, 23 जून (बु.)। आचार्य भारत भूषण महाराज के सानिध्य में चल रहे बारह दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर का विधिवत समापन हुआ। मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला कानूनगोयान स्थित श्री भगीरथी जैन मंदिर में चल रहे जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर के समापन पर आचार्य भारत भूषण महाराज ने अपने आशीर्वाद धर्म संदेश में बताया कि अपने धर्म तथा संस्कृति से जुड़ना अत्यन्त गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इस नैतिक संस्कार शिविर के माध्यम से आपने जो सीखा है, उसे जीवन में अपनाकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक अवस्था से बच्चों को धर्म व संस्कारों के प्रति जागरूक बनाना परिजनों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सशक्त समाज से मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है एवम नारी शक्ति का परिवार तथा समाज को संस्कारित करने में अमूल्य योगदान होता है। इस अवसर पर सकल जैन समाज के सुश्रावकों ने चातुर्मास वर्षा योग के लिए श्रीफल आग्रह के साथ महाराज श्री को समर्पित किया गया। शिक्षण शिविर संयोजक अरूण नंगली सहित रामकुमार जैन, राकेश जैन अम्बर, अजय, सतीश सहित चेतना मंच, जिन दर्शन भक्ति मण्डल, निग्रंथ पाठशाला महिला शक्ति का शिविर आयोजन में सराहनीय योगदान रहा। समापन के अवसर पर शिविर के समस्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सकल जैन समाज के आग्रह पर आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज का मंगल वर्षायोग धर्मनगरी खतौली को प्राप्त होने की घोषणा से नगर के श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गयी। धार्मिक आयोजन के दौरान भारी संख्या में स्त्री-पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

चोरी की बाइक सहित एक युवक गिरफ्तार

बुढ़ाना, 23 जून (बु.)। एक युवक को स्थानीय पुलिस ने चोरी की एक बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सीओ विनय गौतम के पर्यवेक्षण में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर श्रीपाल सिंह ने अपने हमराह कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल अनीश कुमार और कांस्टेबल रोहताश कुमार के सहयोग से गश्त करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बे के एक बैंक के पास खड़े एक संदिग्ध युवक को बाइक सहित हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो पता चला कि हीरो स्पलेंडर प्लस बाइक चोरी की है और उसने फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम इमरान पुत्र यासीन निवासी ग्राम लुहसाना बुढ़ाना बताया है। पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

छात्र-छात्राओं का आध्यात्म विषय पर हुआ प्रस्तुतीकरण

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में बीसीए विभाग के सभागार में आध्यात्म विषय पर एक प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य सभी को इस विषय से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि आध्यात्म को ऐसी परिस्थितियों में अक्सर धर्म की अवधारणा के विरोध में रखा जाता है, जहां धर्म को संहिताबद्ध, प्रामाणिक, कठोर, दमनकारी या स्थिर के रूप में ग्रहण किया जाता है, जबकि अध्यात्म एक विरोधी स्वर है, जो आम बोलचाल की भाषा में स्वयं आविष्कृत प्रथाओं या विश्वासों को दर्शाता है। डॉ. संजीव तायल ने बताया कि ईश्वरीय आनन्द की अनुभूति करने का मार्ग ही अध्यात्म है। कार्यक्रम का संचालन प्राची संगल ने किया। कार्यक्रम में परी, पारखी, विनिता, वंशिका, उज्जवल, यश, वीशू कौशिक, प्रखर और संदीप आदि ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, रोबिन गर्ग, मोहित गोयल, चांदना दीक्षित, अनुज गोयल, अवनी, प्रियंका, रितू, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, स्वेता, शशांक भारद्वाज, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, सतीश, अमित कुमार व उमेश मलिक आदि उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **रचना बालियान** से बदलकर **रचना मलिक** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे **रचना मलिक** के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

रचना मलिक
पत्नी गौरव बालियान
निवासी-म.नं. 57, ढिंढावली,
थाना-तितावी, जिला-मुजफ्फरनगर

बाल्मीकि समाज के बाल न काटने पर चार हेयर सैलून मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल, 23 जून (एजेंसी)। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव चिरौली भगवंतपुर में बाल्मीकि समाज के लोगों के बाल नहीं काटने वाले चार हेयर सैलून संचालकों के खिलाफ अनुसूचित जाति उत्पीड़न व गाली गलौज करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव चिरौली भगवंतपुर निवासी रामकिशन का आरोप है कि 16 जून की शाम चार बजे वह अपनी पोती के बाल कटवाने के लिए गांव के ही हेयर सैलून संचालक कासिम के पास पहुंचे थे। उसने बाल काटने से मना कर दिया। जब विरोध किया तो कासिम ने जाति सूचक गालियां दीं। इस दौरान दूसरा हेयर सैलून संचालक खुर्शीद आ गया और उसने भी जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। आरोप है कि इसी गांव के निवासी सतपाल और मनोज भी बाल काटने से इनकार कर देते हैं। वह साप्ताहिक बाजार में भी नहीं काटते। ज्यादा कहने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों हेयर सैलून संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी पंकज लावानियां ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच पड़ताल की जा रही है। तथ्यों के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

शाहपुर में कुश्ती का ट्रायल

जिला सहकारी बैंक सभापति बने ठा. रामनाथ सिंह

▶ मुकेश जैन बने उप सभापति, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न ▶ कंधों पर बैठाकर समर्थकों ने निकाला जुलूस, की नारेबाजी

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। जिला सहकारी बैंक की संपन्न निर्वाचन प्रक्रिया के बीच में शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक के सभापति पद पर ठाकुर रामनाथ सिंह और उप सभापति पद पर मुकेश कुमार जैन निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सहकारी बैंक में फिर से भाजपा को मिली इस सफलता पर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाते हुए निर्विरोध निर्वाचित हुए सभापति को कंधों पर उठाते हुए फूल मालाएं पहनाने के साथ ही मिठाई वितरित कर खुशी मनाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ समर्थकों ने जिन्दाबाद के नारे लगाए। बाद में समर्थकों ने उन्हें कंधों पर बैठाकर ढ़ोल-नंगाड़ों के साथ नगरीय क्षेत्र में जुलूस निकालकर खुशी मनाई। इससे पूर्व जिला को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन पद पर शामली निवासी पवन तरार भी निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे।

शुक्रवार को कोर्ट रोड स्थित जिला सहकारी बैंक परिसर में तय समय पर चुनाव की प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में संपन्न कराई गई। जिला सहकारी बैंक के नौ निर्वाचन क्षेत्रों के 14 संचालक इस चुनाव में शामिल हुए, जिनमें 11 संचालक जहां एक ओर मुजफ्फरनगर और तीन संचालक शामली जनपद के हैं। इस बीच प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत अन्य पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता बैंक के अंदर और बाहर खड़े रहे। इस बीच निर्वाचन अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के समक्ष सभापति पद के लिए भाजपा से प्रत्याशी घोषित ठा. रामनाथ सिंह व उप सभापति के लिए प्रत्याशी मुकेश कुमार जैन ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के बीच निर्धारित समय में कोई अन्य पर्चा न आने के बाद नामांकन पत्रों की जांच के बाद में दोनों आवेदन पत्र निर्वाचन अधिकारी को सही पाए गए। दोनों ही पदों पर एक-एक नामांकन आने के कारण बाद में निर्वाचन अधिकारी की ओर से जिला सहकारी बैंक के सभापति पद पर ठा. रामनाथ सिंह और उप सभापति पद पर मुकेश जैन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। जिला सहकारी बैंक संचालकों में दिनेश कुमार, राहुल, ठा. रामनाथ सिंह, संजीव कुमार, राजू अहलावत, अनार सिंह, अमित चौधरी, सुनीता देवी, निधि त्यागी, पंकज पाल, मुकेश कुमार जैन, बिजेन्द्र सिंह मलिक, आशीष कुमार और वीरेन्द्र सिंह के नाम शामिल हैं। इनमें ठा. राम नाथ सिंह को भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के चलते सभापति चुना गया है। जिला सहकारी बैंक की संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व विधायक उमेश मलिक, गौरव स्वरूप, पूर्व सभापति सत्यपाल सिंह पाल, केंद्रीय मंत्री के छोटे भाई विवेक बालियान, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, डॉ. पुरुषोत्तम, हरीश अहलावत, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक बैंक परिसर में मौजूद रहे।

उदय प्रकाश स्थानान्तरित, राकेश बहादुर नए डीईओ

▶ जुलाई माह में चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले थे डीईओ उदय प्रकाश

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। जिला आबकारी अधिकारी के रूप में जिले को कई डिस्टलरी और यूपी की पहली फ्रूट वाइनरी की सौगात देने वाले उदय प्रकाश का शुक्रवार को स्थानांतरण हो गया। उन्हें शाहजहांपुर का नया डीईओ बनाया गया है, जबकि उनके स्थान पर नोएडा से राकेश बहादुर सिंह को यहां भेजा गया है। इसके अलावा प्रदेश के करीब 32 आबकारी अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है। शासन ने शुक्रवार को आबकारी विभाग में व्यापक फेरबदल किया है। लंबे समय से जमे जिला आबकारी अधिकारियों और आबकारी निरीक्षकों को स्थानांतरित किया गया है। इनमें मुजफ्फरनगर के जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश भी शामिल हैं। उदय प्रकाश अगले माह जुलाई में चार साल का कार्यकाल पूर्ण करने जा रहे थे। शासन ने उन्हें अब शाहजहांपुर का नया डीईओ बनाकर भेजा है। नोएडा में तैनात डीईओ राकेश बहादुर सिंह को मुजफ्फरनगर का नया जिला आबकारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा कई अन्य जिलों के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी फेरबदल किया गया है। इनमें सहारनपुर, बागपत, बिजनौर, लखनऊ, कौशाम्बी, आजमगढ़ जनपदों में तैनात आबकारी अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं।

करंट की चपेट में आकर मौत

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव अटाली निवासी 35 वर्षीय धर्मेन्द्र पुत्र धनवीरा मेरूद्दीनगर के जंगल में नलकूप पर विद्युत करंट लगने से झुलस गया। उसे उपचार के लिए बुढ़ाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

छात्रा से अभद्रता करने वाला युवक हिरासत में

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। युवती से अभद्रता करने वाले युवक को थाना जानसठ पुलिस ने हिरासत मे लेते हुए अभियोग पंजीकृत किया है। सोशल मीडिया पर अभद्रता की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। सोशल मीडिया पर जानसठ की एक वीडियो वायरल हुई जिसमें युवक द्वारा रास्ते में युवती के साथ अभद्र व्यावहार किया जा रहा था। उक्त वीडियो थाना क्षेत्र जानसठ का था। थाना जानसठ पुलिस द्वारा जांच की गयी तो ज्ञात हुआ की युवक व युवती एक ही समुदाय के है तथा पूर्व में दोनों कॉलेज में सहपाठी रह चुके है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्राप्त वीडियो का थाना जानसठ पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया तथा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभद्रता करने वाले युवक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

राहुल से बोले लालू - महात्मा जी अब शादी करिए हम बारात में चलेंगे

पटना, 23 जून (एजेंसी)। पटना में विपक्षी पार्टियों की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फखऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने राहुल गांधी से कहा, महात्मा जी शादी तो करिए। दाढ़ी बढ़ाकर कहां घूम रहे हैं। हमारी बात मानिए शादी तो करिए। मम्मी आपकी कहती थीं मेरी बात नहीं मानता है शादी आप लोग करवाइए। राहुल उनके बीच में बोले- आपने कह दिया तो हो जाएगी। इस पर लालू ने कहा- पक्का करना पड़ेगा। अभी भी समय बीता नहीं है। शादी करिए हम लोग बारात चलेंगे। आपकी उम्र कहां बीती है। दाढ़ी बढ़ा लिए हैं, अब कटवा लीजिए। नीतीश जी की यह राय है, दाढ़ी छोटा कर लीजिए। यह बात सुनकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत विपक्ष के सभी नेता हंसने लगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लालू अपने पुराने अंदाज में दिखे। लालू ने कहा कि राहुल गांधी भारत यात्रा किए, अच्छा काम किए। लोकसभा में भी अडाणी के मामले में अच्छा काम किए।

राजकीय शिक्षकों के तबादले के लिए 25 जून तक कर सकेंगे अप्लाई

लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)। शासन द्वारा राजकीय शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति जारी की गई है। इसे लेकर राजकीय शिक्षक ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए अपने घर के पास पहुंचने की कवायद कर सकते हैं। आज 23 जून से यह आवेदन प्रकिया शुरू हो गई है। इसे लेकर शिक्षकों में खासी उत्साह है। शासन की ओर से राजकीय शिक्षकों के स्थानांतरण की नीति जारी होने के साथ शिक्षकों को अपने घर के पास पहुंचने की आस जग गई है। शासन द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया तीन दिन के लिए खोली गई है। राजकीय शिक्षक अपने मनपसंद स्थान पर जाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।

आदिपुरुष को यूपी में बैन करने की मांग पर हाईकोर्ट में 24 जून को होगी सुनवाई

लखनऊ, 23 जून (एजेंसी)। सोशल मीडिया में फिल्म की आलोचना के बाद फिल्म आदिपुरुष अब कानूनी पचड़ों में भी पड़ सकती है। फिल्म आदिपुरुष पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की गुहार वाली दो अर्जियां बृहस्पतिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल की गईं। इसमें हाल ही में रिलीज इस फिल्म में श्रीराम कथा को बदलकर निम्नस्तरीय दिखाने का आरोप है। याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी ने मामले में विचाराधीन जनहित याचिका में ये दोनों अर्जियां दाखिल कर फिल्म में संशोधन करने और संवाद लेखक मनोज मुंतशिर को पक्षकार बनाने का अनुरोध किया है। इस मामले में 26 जून को सुनवाई होगी।

हादसे में पति-पत्नी, दो बेटों समेत पांच की मौत

शाहजहांपुर, 23 जून (एजेंसी)। शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में हाईवे पर हुए सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। हरदोई-शाहजहांपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पति-पत्नी, दो बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक साल की बच्ची को मामूली चोटें आई हैं। ये सभी एक ही बाइक पर सवार थे। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी रघुवीर (30), पत्नी ज्योति (25), बेटा कृष्णा (पांच), बेटा अभि (तीन), साली जूली (35), उसकी बेटी आराध्या (एक साल) के साथ हरदोई के थाना शाहबाद के दलेलनगर में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जूली तिलहर थाना क्षेत्र के गांव सिउरा की रहने वाली थी।

कार की टक्कर में बाइक सवार बच्ची की मौत

खतौली, 23 जून (बु.)। मीरांपुर मार्ग पर बाइक और कार की टक्कर से 12 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और दो बच्ची समेत एक व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और तीनों घायलों को चिकित्सकों ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बच्ची की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार शाहदरा प्रताप नगर हॉल निवासी याहियापुर देवेंद्र पुत्र रमेश विगत एक सप्ताह पूर्व अपनी बेटी डिंपल और दो भतीजी गायत्री उर्फ तन्नू, कोयल उर्फ मन्नू पुत्रीगण राजीव को लेकर स्कूल की छुट्टी बिताने अपने गांव आया था। शुक्रवार को तीनों बच्चियों को खतौली बाजार में खरीदारी कराने के लिए तीनों बच्चियों को बारी-बारी से लाकर गांव के बाहर गांव के मोड़ पर खड़ा कर दिया और जैसे ही तीनों बच्चियों को बाइक द्वारा ले जाने लगा, तभी उसी समय खतौली की और से तेज रफ्तार से आई कार संख्या यू के 07 डी एफ 4484 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तीनों बच्ची दूर जा गिरी और देवेंद्र भी सड़क पर बाइक समेत गिर गया। इस हादसे में 12 वर्षीय तन्नू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और दोनों बच्ची समेत देवेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक बच्ची को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल देवेंद्र समेत दो बच्चियों को खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने सभी घायलों को उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। हादसे में बच्ची की मौत की सूचना के बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया की मृतक तन्नू और डिंपल पांचवीं कक्षा और मन्नू कक्षा दो की छात्रा हैं। मृतक बच्ची के चचेरे चाचा दुर्गेश ने कोतवाली पर पहुंचकर चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही के मांग की है। बताया जा रहा है कि हादसे की सूचना के बाद पुलिस ने कार को पकड़कर कब्जे में ले लिया था और चालक की तलाश कर रही थी।

पांच लोगों ने खाया जहर

मुजफ्फरनगर। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांधी कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते अपनी दुकान पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। गहराबाग निवासी सोनम, शेरनगर निवासी फरजाना, कृष्णापुरी निवासी काजल व तिगरी निवासी उजरा ने भी अलग-अलग मामलों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मैं मुजफ्फरनगर से हूँ, वहाँ रोज मर्डर होते हैं, दो पिस्टल रखता हूँ

▶ युवती के साथ पकड़े गए सिपाही का ऑडियो वायरल
▶ बोला : योगी मोदी भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते

मुरादाबाद, 23 जून (एजेंसी)। मुजफ्फरनगर के नाम पर किस तरह दादागिरी की जाती है, इसका एक नमूना मुरादाबाद के नागफनी थाना क्षेत्र मे एंटी रोमियो स्क्वॉड के सिपाही के सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो में सुनाई दे रहा है। एक युवती के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया सिपाही ऑडियो में उसकी मां को धमकाते कह रहा है मैं मुजफ्फरनगर का रहने वाला हूं, वहां रोज हत्याएं होती हैं। यहां भी मैं दो पिस्टल रखता हूं। एक सरकारी और एक प्राइवेट। हत्या करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। ज्ञात रहे कि उक्त महिला ने दो दिन पहले एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उसने बताया कि मुजफ्फरनगर जनपद निवासी एक सिपाही मुरादाबाद में एंटी रोमियो स्क्वॉड में तैनात है। वह नागफनी थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रहता है। ड्यूटी के दौरान सिपाही अक्सर खाना खाने के लिए ठेले पर आता था। विवाद के बाद उसकी बेटी चली गई थी। उसको ढूंढते हुए उसका भाई पहुंचा तो सिपाही के कमरे पर उसकी बेटी मौजूद मिली। बताया गया है कि सिपाही ने पिस्टल बच्चे के सिर पर मारकर उसे घायल कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे तो सिपाही ने उनके साथ भी मारपीट की थी। शिकायत लेकर परिजन थाने पहुंचे तो पुलिस ने बिना कार्रवाई किए ही उन्हें थाने से लौटा दिया था। इसके बाद महिला ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया तो सिपाही को इस मामले की जानकारी हो गई। इसके बाद से वह लगातार महिला और उसके परिवार के लोगों को धमका रहा है। सिपाही ने महिला को मोबाइल पर कॉल कर उसे धमकाया था। यह कॉल रिकॉर्ड कर ली गई। सिपाही का यह ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जिसमें सिपाही महिला को धमका रहा है कि योगी और मोदी भी उसका कुछ नहीं कर पाएंगे। जहां चाहो वहां मेरी शिकायत कर लो। सिपाही ने कहा कि वह मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। वहां रोज हत्याएं होती हैं। मैं यहां भी दो पिस्टल रखता हूं। एक सरकारी और दूसरी प्राइवेट। मुझे हत्या करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। जब चाहो देख लेना। मामले को लेकर सीओ कोतवाली देश दीप सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है। इसकी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बादलों से पारा हुआ कम, उमस से ढाया सितम

▶ दिन भर बादलों के छाए रहने से तापमान चार डिग्री गिरा
▶ मौसम विभाग को उम्मीद: जल्द होगी झमाझम बारिश

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। आसमान पर सुबह से बादलों का डेरा बारिश की उम्मीदें जगाता रहा, लेकिन शहरवासी आसमान की ओर मुंह उठाए दिन भर उसम में पसीना बहाता रहा। जिले के आसपास कई इलाकों में बारिश के बावजूद शहर में आज भी सन्नाटा रहा, हालांकि बादलों के दिन भर जमे रहने से तापमान चार डिग्री नीचे गिरकर 32.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात बेहद गर्म रही और न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड 29 डिग्री पर रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार की दोपहर उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश कर जाने की पुष्टि की। आगामी 48 घंटो के दौरान इसके उत्तर प्रदेश कोकुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के आसार हैं। चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र उत्तर प्रदेश के मध्य भागों पर है। एक ट्रफ रेखा पंजाब से मध्य उत्तर प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण तक फैली हुई है। इसके चलते बारिश की संभावनाएं बनी हुई हैं। शहर में मौसम के मारे लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन बादलों ने आज जमकर बारिश का संदेशा दिया, लेकिन चिट्ठी कोरी निकली। ऐसे में पारा गिरने के बावजूद हवा गुम रहते भीषण उमस से लोग बिलबिलाते रहे। आसपास कई स्थानों पर बारिश हुई। हालांकि, शहर में अभी उमस लोगों को काफी परेशान किए हुए है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में मानसून को लेकर स्थितियां अनुकूल बनी हुई है लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि मानसून कब दस्तक देगा। विभाग ने वीकेंड के लिए हरियाणा, चंडीगढ़ व दिल्ली-एनसीआर में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानियों के के अनुसार पंजाब के पास एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे 24 जून की रात से दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा में बारिश का दौर शुरू होगा। 25 व 26 जून को भी बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। जून का कोटा वीकेंड में होने वाली बारिश पूरा कर सकती है। वहीं, अभी पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए मानसून की बारिश के लिए अनुकूल स्थितियां बन रही है। ऐसे में उम्मीद है कि दिल्ली-एनसीआर में भी मानसून जल्दी दस्तक दे देगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार की दोपहर उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश कर जाने की पुष्टि की। आशा जताई गई है कि आगामी 48 घंटो के दौरान यह उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ेगा और वेस्ट यूपी तक भी इसके पहुंचने की संभावना है। फिलहाल चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र उत्तर प्रदेश के मध्य भागों पर है। एक ट्रफ रेखा पंजाब से मध्य उत्तर प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण तक फैली हुई है। इसके चलते बारिश की संभावनाएं बनी हुई हैं।

गर्मी में बहन का ध्यान रखता भाई
झुलसती गर्मी में पानी की प्यास इतनी लग रही है कि एक दूसरे का ध्यान रखना जरूरी हो गया है।

पालिका सफाईकर्मी नेता पर गंभीर आरोप

▶ सफाईकर्मी को अभद्र भाषा में धमकी देते ऑडियो वायरल ▶ नेता ने दी धमकी: तुझे नौकरी नहीं करने दूंगा, किसी से नहीं डरता

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। पालिका में संविदा सफाईकर्मी महिला ने सफाई कर्मचारी संघ के एक नेता पर पैसे छीनने के अलावा कई गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। वायरल वीडियो में उक्त नेता महिला को गालियां देते हुए सुना जा रहा है। महिला ने उक्त नेता से जान और इज्जत आबरु का खतरा बताते हुए कहा कि उक्त नेता गुंडा है।

डीएम के नाम दिए शिकायती पत्र में महिला संविदा सफाईकर्मी ने बताया कि उसकी सास भी सफाईकर्मी थी, जो 28 फरवरी को उसकी सास रिटायर हो चुकी है। उन्हें जो चैक मिला था, वह सफाई कर्मचारी नेता ने छीन लिया। डीएम के नाम की धमकी देने पर उसने चैक वापस कर दिया। वह अपनी सास के साथ बैंक में पीएफ के पैसे निकलवाने आई थी, तभी बैंक में आए सफाई कर्मचारी नेता ने उनसे पैसे छीन लिए। उसका कहना है कि उसने उसके पर्स से पचास हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद उसने इसके बाद भी उससे दावत पानी के नाम पर पैसे मांगे और कहा कि मैने तुम्हारी सुख शांति से रिटायरमेंट कराई है। उसे रिटायरमेंट पर पांच लाख मिले थे। कर्मचारी नेता ने कहा कि वे ठेके पर है। रुडकी से आती जाती है। उसका कहना है कि इसके बाद 12 जून को फिर छुट्टी का पांच लाख रुपया आया तो उससे फिर दावत पानी के नाम पर पैसे मांगे गए। नेता का कहना था कि उसने उनका पैसा दिलवाया है। मना करने पर उसे और उसकी सास को धमकी दी। उसे कपडे फाडने और उसका शारीरिक शोषण करने की धमकी देने के साथ तमाम अपशब्द कहे। महिला का कहना है कि उसे काम से निकलवा दिया और कहा कि वह उसे नौकरी नहीं करने देगा। उसका मानसिक व शारीरिक शोषण करेगा। उसे धमकी दी गई कि वह उसे काम नहीं करने देगा। उसके कहा गया कि उसकी अटेंडेंस नहीं लगने दूंगा। सुपरवाइजर को भी धमकाया कि वह यह ना कहे कि उक्त महिला काम पर आती है। उसकी बाते उसके पास मोबाइल में रिकॉर्ड हैं। अब उसके घर से फोन करके कहा जा रहा है कि वह इस मामले को निपटा दे। महिला का कहना है कि यह नेता दबंग आदमी है और उस पर उन्हें कोई भरोसा नहीं है। उसका कहना है उक्त नेता ने उसे बैंक में भी धमकी दी कि उसके कपड़े फाड़कर भेजेगा। इसके साथ उसे व उसकी सास को अपशब्द कहने के साथ अश्लील बातें की गईं। महिला सफाईकर्मी ने और भी कई गंभीर आरोप लगाते हुए डीएम से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

जिला सहकारी बैंक की अन्य संस्थाओं में भेजे गए ये प्रतिनिधि

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। शुक्रवार को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुए जिला सहकारी बैंक में सभापति और उप सभापति का निर्वाचन के साथ ही सहकारी संस्थाओं में प्रतिनिधियों को भेजे जाने की प्रक्रिया को पूरा करते हुए प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी संपन्न हो गया। शुक्रवार को इस संबंध में सहायक निर्वाचन अधिकारी संत प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लखनऊ में प्रतिनिधि के रूप में पूर्व विधायक उमेश मलिक, अशोक कुमार सिंह, राका जैन निर्वाचित हुए हैं। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ के प्रतिनिधि पद पर विजय शुक्ला, उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड लखनऊ में प्रतिनिधि पद पर मामचन्द और उत्तर प्रदेश को- ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड लखनऊ प्रतिनिधि पद पर यशपाल को निर्वाचित घोषित किया है।

नकदी गहने चोरी

मुजफ्फरनगर, 23 जून (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्लरपुर कछैली में अज्ञात बदमाश एक मकान से नकदी व गहने चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कछैली निवासी जयपाल पुत्र राजपाल ने बताया कि अज्ञात बदमाश उसके घर से नकदी व सोने चांदी के गहने चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

भारतीय जनता पार्टी की पीठ पर गदा मारकर हनुमानजी अब हमारे साथ हो गए हैं : लालू

▶ पटना के बाद अब शिमला में एक मेज पर होंगे भाजपा विरोधी

पटना, 23 जून (एजेंसी)। राजद सुप्रीमो ने कहा कि हमलोगों को एक होकर रहना है। उन्होंने कहा कि अब पूरी तरह से फिट हो गए हैं और बढ़िया से फिट कर देंगे भाजपा को। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि हनुमान जी का नाम लेकर चुनाव लड़ता है। ऐसा हनुमान जी भाजपा के पीठ पर गदा मारे कि कांग्रेस जीत गई। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश जी ने हमें लिट्टी चोखा खिलाया। उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। हम सभी में थोड़े-थोड़े मतभेद होंगे, लेकिन हमने निर्णय लिया है कि हम सभी साथ में काम करेंगे और लचीलेपन के साथ काम करेंगे और हमारी साझा विचारधारा की रक्षा करेंगे। आज की बातचीत को हम अगली बैठक में और गहराई में ले जाएंगे। यह विपक्षी एकता की एक प्रक्रिया है, जो आगे बढ़ने जा रही है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्षी दलों की अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में होगी, उसी में आगे की रणनीति तय होगी। खरगे ने कहा- भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। नफरत की राजनीति के खिलाफ हमलोग एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। ममता बनर्जी ने कहा कि बहुत सारे आंदोलन पटना से शुरू हुए। दिल्ली में हम लोगों ने कई बैठकें कीं, इसलिए हमने कहा कि पटना से शुरू करो। तीन बातों पर हल निकला है। पहली बात- हम एक हैं। दूसरी बात- हम मिलकर लड़ेंगे। तीसरी बात- अगली बैठक शिमला में होगी। भाजपा की बदले की राजनीति का हम मिलकर मुकाबला करेंगे। खून बहेगा, बहने दो, हम जनता की रक्षा करेंगे। अगर आगामी चुनाव में दोबारा तानाशाही सरकार आ गई तो अगली बार तो चुनाव ही नहीं होंगे। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज पटना में केवल दल नहीं बल्कि देश के नेता मिल रहे हैं। हमलोग मिलकर देश को बचाएंगे। यही मेरा संदेश है। यह बैठक ऐतिहासिक है। मैं नीतीश कुमार जी को बधाई देता हूं।

'फिट हो गए हैं, भाजपा को फिट कर देंगें' लालू यादव

पटना। शुक्रवार को जब 15 दलों की बैठक के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई तो राजद प्रमुख लालू यादव मंच के एकदम बीच में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाईं ओर बैठे नजर आए। सबसे पहले नीतीश, फिर मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, ममता बनर्जी जैसे नेताओं ने अपनी बात रखी। लालू ने कहा कि बहुत दिन के बाद और इलाज करने के बाद आप लोगों से बात हो रही है। अब हम पूरी तरह से फिट हो गए हैं और बढ़िया से फिट कर देंगे भाजपा को। अब शिमला में अगली बैठक होगी, जिसमें आगे के कार्यक्रम को तय करेंगे। हमको एक होकर रहना है। देश की जनता कहती थी कि आप लोगों के पास वोट हैं, लेकिन आप लोग मिलते नहीं हैं। आप एकजुट नहीं होते और वोट बंट जाता है और भाजपा-आरएसएस जीत जाती है। लालू ने कहा कि अभी नरेंद्र मोदी देश के नेता नहीं हैं, वे अमेरिका में घूम-घूमकर चंदन का लकड़ी बांट रहे हैं। जो अमेरिका मोदी जी को आने से मना कर दिया था, पता नहीं कैसे ये भूल गए और ये जाने लगे। देश टूट की कगार पर खड़ा है। अब तो भिंडी मालूम हुआ कि साठ रुपया किलो हो गया है। आप सभी लोग खरीदते होंगे तो आटा-दाल-चावल का भाव मालूम ही होगा। हम लोग इकट्ठा होकर सब नल-नील को जमा कर रहे हैं। इस बार तो गए ये लोग। इस बार बहुत बुरा हाल होने वाला है भाजपा का और नरेंद्र मोदी जी का। दो हजार रुपये का नोट पता नहीं काहे बंद कर दिया भाई। ये छोटा-छोटा नोट सब यही लोग रखे हुए था।